अपहरण और दुष्कर्म से आहत होकर नाबालिग बेटी और पिता ने आत्महत्या की

- 13 जून को किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था
- परिजनों का आरोप है कि पुलिस और आरोपियों ने आपस में सांठ-गांठ कर पीड़ित परिवार को लगातार धमका रहे थे
- मृतका ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि आत्महत्या के इस कदम के पीछे मेरे भाइयों का कोई दोष नहीं है और न बाबा का कोई दोष है

नागौर, (निसं)। नागौर जिले के जायल उपखंड के खाटू थाना इलाके के एक गांव में दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई है। जायल क्षेत्र के गांव के किसान और उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी ने मंगलवार को अपने ही घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार 13 जून को किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने घटना के बाद 14 जून को थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोप है कि पुलिस और आरोपियों ने आपस में सांठ-गांठ कर पीड़ित परिवार को ही लगातार धमका रहे थे। सोमवार रात को आरोपी पीड़िता के घर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। धमकी और थाने में सुनवाई न होने के कारण पीड़िता ने अपने पिता के साथ सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही खाटू थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करने के दोनों के शवों को पुलिस ने उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। वहीं परिजन बड़ी खाटू थाने के एसएचओ और मांगीलाल व मोतीराम के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की मांग कर रहे हैं।

मरने से पहले लिखा नोट :- मृतका ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि मांगीलाल चुआ वाले सोमवार को रात 12 बजे घर आए। उनके साथ 2-3 जने और भी थे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। आत्महत्या के इस कदम के पीछे मेरे भाइयों का कोई दोष नहीं है और न बाबा का कोई दोष है।

थानाधिकारी पर साठ-गांठ का अरोप:- मृतका के भाई ने बताया कि 13 जून को मांगीलाल और मोतीराम और अन्य लोग मिलकर मेरी बहन का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। हमने थाने में 14 जून को अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। उसके बाद तत्कालीन एसएचओ आरोपियों के साथ मिलकर हमारे को ही धमकाते रहे। सोमवार रात आरोपियों ने हमारे घर पर पहुंचकर मेरे चाचाजी और मेरी बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। इससे आहत होकर मेरी बहन और मेरे चाचा जी ने आत्महत्या कर ली।

सुसाइड नोट में नामजद आरोपी गिरफ्तार :- नागौर जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नागौर जिले के जायल उपखंड के एक गांव में एक पिता और उसकी नाबालिग लड़की के अपने ही घर की छत से लटकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शवों को उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया था। एक संदिग्ध को डीटेन भी किया है। मांगीलाल, मोतीराम सहित अन्य लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया है। थानाधिकारी राधाकिशन मीणा की लापरवाही सामने आई थी। हमने तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले का अनुसंधान जारी है।

नागौर पुलिस अधीक्षक ने खाटु बड़ी थाना क्षेत्र के थानाधिकारी को निलंबित कर, मृतकों के शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किये गये। मामले में आगे की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने भी ट्वीट कर घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए डीजीपी से दूरभाष पर वार्ता कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

बजट को लेकर कर्मचारियों में खुशी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने बजट में कर्मचारियो को दिए गए लाभ को लेकर की प्रसन्नता जताई।आज राजस्थान सरकार ने बजट में शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा सुझावों पर की गई घोषणा पर सरकार को धन्यवाद प्रेषित करते हुए बताया कि 30जून को होने वाले कार्मिकों को वेतन वृद्धि नहीं मिल रही थी। जिस पर संगठन लंबे समय से प्रयासरत था। केंद्र में घोषणा होने पर प्रदेश नेतृत्व ने पुनः मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर अपनी मांगे रखी जिसके तहत आज यह घोषणा करी।

साथ सेवानिवृति पर ग्रेजुटी की राशि भी 20 लाख मिल रही थी जिसे भी बढ़ाकर 25लाख कर दी है। इससे कर्मचारी वर्ग में हर्ष की लहर है। प्रसन्नता व्यक्त करने में प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा सहित प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा, प्रदेश सचिव भंवर सिंह, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण, जिला मंत्री चेतन प्रकाश,भगवान सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, रोहिताश्व सारस्वत, चंद्र शेखर, भरत सिंह आदि ने प्रसन्नता जताई।

सूने मकान से लाखों के जेवर व नगदी चोरी

- अपनी बेटी के पास जयपुर गई हुई थी पीड़िता
- पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

अजमेर, (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र के प्रताप नगर मेयो लिंक रोड स्थित सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए हाथ साफ कर लिया। चोरों ने सूने मकान से अलमारी में रखी नगदी एवं जेवरात चुराकर फरार हो गए। पीड़ित मकान मालकिन ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अलवरगेट थाने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी ली। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

अलवरगेट थाना क्षेत्र के प्रताप नगर मेयो लिंक रोड निवासी पीड़ित मकान मालिक अलका ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि अपनी बेटी के पास जयपुर गई हुई थी। मंगलवार देर शाम जब वह अपने दामाद प्रदीप और बेटी के साथ वापस अजमेर घर लौटीं तो गेट का ताला और कमरों के ताले टूटे मिले। अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे और सामान कमरे में बिखरा पड़ा था।

उन्होंने बताया कि चोरी की सूचना अलवर गेट पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित महिला अलका ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर घर से नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए हैं। पीड़ित महिला के दामाद जमाई प्रदीप ने बताया कि उनकी सास जयपुर में उनके पास इलाज के लिए आई हुई थी, इस दौरान चोरों ने मौका पाकर चोरी की वारदात अंजाम दे डाली। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बंद ढाबे में फंदे पर लटका मिला अधेड़ का शव

अजमेर, (कासं)। केकड़ी जिले के सावर मार्ग पर मीणों का नया गांव के समीप बने बंद पड़े ढाबे में बुधवार को एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना का पता चलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव कब्जे में लेकर अस्पताल में जांच के लिए सुरक्षित रखवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि सावर मार्ग पर मीणों का नया गांव के समीप बने बंद पड़े ढाबे में एक अधेड़ का शव फंदे पर लटका हुआ था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, एएसपी रामचन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लेकर तथा अधिकारियों से जानकारी ली। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद राजकीय जिला चिकित्सालय की मोर्चरी रखवाया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो के आधार पर मृतक की पहचान मकराना निवासी प्रभुलाल चौधरी (55) पुत्र जोधाराम के रूप में हुई। मृतक मार्बल खदानों में काम आने वाले उपकरण आदि की सप्लाई का काम करता था। पुलिस ने फोन कर परिजन को घटना की जानकारी दी है। परिजन की उपस्थिति में पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

रेल्वे स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण किया,

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की परिसर में करीब जामुन के 35 पौधे लगाये गये और सार संभाल करने की जिम्मेदारी ली। अध्यक्ष मुकेश गोयल, सचिव रमाकांत काबरा, राजीव गंगवाल, पदम जैन, ममता जैन, रिचा अग्रवाल, मानसी गोयल, लवली काबरा, रोहित मेहता, संजय गुप्ता, अनीता गुप्ता, शिखर अग्रवाल, जितेन्द्र पहाड़िया, मुकेश जैन, लक्ष्मीनारायण बांगड़, आशीष आदि ने सहयोग किया।

कैफे में तोड़फोड़ और संचालक से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार

- आरोपियों ले शराब के नशे की हालत तोड़फोड़ और मारपीट की थी

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में गत दिनों हुई कैफे में तोड़फोड़ और संचालक से मारपीट मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नौई ने बताया कि प्राईवेट बस स्टैंड पर स्थित एक कैफे संचालक के साथ सात जुलाई की शाम शेरू माली व विनोद सिंह ने मारपीट कर कैफे में जमकर तोड़फोड़ की थी। इसे लेकर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया था। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने वारदात की गंभीरता को देखते हुये आरोपियों की धरपकड़ के लिए सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की। इस टीम ने कच्ची बस्ती, मजिस्ट्रेट कॉलोनी के पीछे रहने वाले शेरु माली (25) पुत्र लादू राम माली और पंचवटी निवासी विनोद सिंह (22) पुत्र भंवर सिंह चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी शेरू माली के खिलाफ पहले से तीन मामले दर्ज हैं। इनमें काछोला थाना इलाके में हुई हत्या का मामला भी शामिल हैं। इसके अलावा सदर व प्रताप नगर थाने में एक-एक मामला दर्ज है। इसी तरह विनोद सिंह के खिलाफ विभिन्न थाना में 12 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें अपहरण, मारपीट, लूट, हत्या के प्रयास व जानलेवा हमले के मामले शामिल हैं। थाना प्रभारी गुर्जर ने बताया कि आरोपित शराब का सेवन कर नशे की हालत में कैफे में जबरन घुसे और वहां तोड़फोड़ की। साथ ही कैफे संचालक व उसके दोस्त पर हमला किया। कैफे संचालक के पिता ने थाने में आठ जुलाई को रिपोर्ट दी थी।

सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

ब्यावर, (निसं)। सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेशव्यापी आवाह्न पर बुधवार को सरपंच संघ जवाजा ब्लॉक ने सरपंच संघ जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष महिपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में15 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ अध्यक्ष महिपाल सिंह चौहान ने बताया कि राज्य और केन्द्र सरकार से ग्राम पंचायतों की बकाया राशि जारी कराने, खाद्य सुरक्षा योजना में नये सदस्यों के नाम शामिल करने, पीएम व सीएम आवास योजना में आवास स्वीकृत करने, पंचायती राज के चुनाव एक साथ कराने समेत अन्य 15 सूत्रीय मांगों को लेकर सरपंचों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर सरपंच संघ ब्यावर जिला अध्यक्ष पदमसिंह सुहावा, राजियावास सरपंच ब्रजपालसिंह रावत, पृथ्वीपाल सिंह बड़ाखेड़ा, प्रेम सिंह तारागढ़, प्रवीण सिंह कोटड़ा, राजेन्द्र सिंह बाडिया भाऊ, धर्मेन्द्र सिंह किशनपुरा, पप्पू काठात लसाडिया, हुसैन पाखरियावास आदि उपस्थित थे।

दो घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

शाहपुरा, (निसं)। ग्रिड पर अति आवश्यक रख रखाव के कारण कस्बे में सुबह 7:30 बजे 9:30 बजे तक शहरी फीडर भीलवाड़ा रोड, की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते भीलवाड़ा रोड़ पुलिस थाना आसिन्द रोड़, ज्योति नगर, उम्मेदेसागर चौराहा, शिवपुरी, पेशल पम्प क्षेत्र प्रवाभित रहेगे। जेईएन पंकज कुमार गुप्ता ने दी जानकारी।

सेना के जवानों की रैली का स्वागत किया

गुलाबपुरा, (निसं)। 25वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में नसीराबाद से भारतीय सेना के 15 जवानों का दल साइकिल रैली के साथ गुलाबपुरा हाईवे पारिक होटल पर पहुंचने पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा स्वागत किया गया। भारतीय सेना द्वारा अरावली साइकिल रैली नसीराबाद से 25 वे कारगिल विजय दिवस के रूप में रैली निकाली जा रही है जो लगभग एक हजार से अधिक किलोमीटर की यात्रा कर वापस नसीराबाद पहुंचेगी। रैली में आर्मी स्टेशन अधिकारी, तीन जेसीओ, सहित जवान शामिल हैं। गुलाबपुरा से साईकिल रैली आसींद के लिए रवाना हुई। इस दौरान पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास, महासचिव सूबेदार जी एल यादव, समुंद्र सिंह विकास अधिकारी, कैप्टन हमीद खान, सूबेदार आदि ने स्वागत किया गया।

बच्चों को दी बिजली सेफ्टी व बचाने की सीख

अजमेर, (कासं)। पुष्कर रोड कोटड़ा स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार को टाटा पावर अजमेर प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिकल सेफ्टी और इलेक्ट्रिक सिटी कंजम्पशन को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण एवं भविष्य के लिए ऊर्जा स्त्रोतों को बचाए रखना, संरक्षित करने की सीख दी गई। टाटा पावर अजमेर प्रबंधन की यह मुहीम सीईओ सुनील कुमार शर्मा की अगुवाई में सेफ्टी डिपार्मेंट द्वारा आयोजित की गई। विद्युतीय सुरक्षा और संरक्षण के ऊपर शर्मा ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए सावन स्कूल के बच्चों को विद्युत का महत्व, विद्युत का जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन तीनों ही तत्वों का बारीकी से विश्लेषण कर सामान्य ज्ञान वर्धित करने के साथ-साथ विद्युतीय हादसों की रोकथाम के लिए विद्युतीय सुरक्षा प्रणाली एवं भविष्य के लिए ऊर्जा स्त्रोतों की जरूरत को मध्य नजर रखते हुए विद्युतीय संरक्षण की बातों पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान सेफ्टी विभाग द्वारा सामान्य प्रश्नों के माध्यम से बच्चों से विद्युत व्यवस्था से संबंधित प्रश्न पूछे गए एवं सही जवाब देने वाले बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत भी किया। पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश देते हुए जूट के थैले और वृक्षारोपण के प्रति चेतना जागृत करने के उद्देश्य से पौधे भी वितरित किए। टाटा पावर अजमेर के जनसंपर्क अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि टाटा पावर अजमेर प्रबंधन बच्चों को विद्युतीय सुरक्षा एवं संरक्षण की जानकारी प्रदान कर इस मुहिम को घर-घर तक लेकर जाना है तथा आने वाले समय में अजमेर शहर की लगभग 30 स्कूलों में हम यह मुहिम का आयोजन करेंगे।